No. of Printed Pages : 3 **MHD-06**

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए. हिन्दी)

(एम. एच. डी.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2022

एम. एच. डी.-06 : हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : (*i*) किन्हीं ***पाँच*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(*ii*) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. आदिकाल की पृष्ठभूमि का संक्षिप्त परिचय देते हुए सिद्ध–नाथ साहित्य की विशेषताएँ बताइए। 20

अथवा

आदिकाल में युद्ध काव्य से इतर अनेक महत्वपूर्ण रचनाएँ मिलती हैं। रासो काव्य से अलग इस महत्वपूर्ण साहित्य का परिचय दीजिए।

2. सूफी प्रेमाख्यान परंपरा की विशेषताएँ बताइए। 20

अथवा

काव्य प्रवृत्ति के आधार पर रामभक्ति साहित्य का मूल्यांकन कीजिए।

3. रीतिकाव्य की ऐतिहासिक सामाजिक पृष्ठभूमि ने रीतिकाव्य को किस प्रकार प्रभावित किया ? 20

अथवा

द्विवेदीयुगीन खड़ी बोली कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों का परिचय दीजिए।

4. "उत्तर-छायावादी कविता छायावाद और नयी कविता के विकास-क्रम की अनिवार्य कड़ी है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। 20

अथवा

हिन्दी उपन्यास की विकासयात्रा पर एक निबन्ध लिखिए।

5. भारतीय आर्य भाषा परिवार का परिचय दीजिए। 20

अथवा

हिन्दी या हिन्दुई क्या है ? उर्दू भाषा का आविर्भाव कब और कैसे हुआ ?

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए : $2 \times 10 = 20$

(क) नयी कविता

(ख) हिन्दी नाट्य साहित्य

(ग) अपभ्रंश का स्वरूप और विकास

(घ) जीवनी और आत्मकथा